# नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**भिलाई नगर।** 20 सितंबर को रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन सिविक सेंटर भिलाई में किया गया है। आम नागरिकों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया आम नागरिकों द्वारा भी उक्त कार्यक्रम को देखने मे रुचि दिखाई गई । कार्यक्रम का आयोजन शाम 6:30 बजे से 8 बजे तक किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, हेमंत मांझी, पी आई यू श्री अभिनव ठोकने, शुभम पाटनी, स्वच्छ्ता निरीक्षक सीएम यादव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।रजत जयंती वर्ष 2025 एवं स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत 21 सितंबर को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होना है। जोन क्रमांक 01 मधुकामिनी उद्यान में वृक्षारोपण का कार्यक्रम प्रातः 9:00 बजे आयोजित है। जोन क्रमांक 04 छावनी मंगल बाजार में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश शाम 5:30 बजे दिया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित है।

